FIROZABAD POLICE
सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

सराहनीय कार्य दिनांक 11-04-2026 थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद ।

अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा के निर्देशिन व पुलिस महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के पर्यवेक्षण व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के नेतृत्व में थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा थाना उत्तर व थाना रामगढ़ क्षेत्र से छिनैती की घटना कारित करने वाले 01 अभियुक्त को अवैध असलहा 315 बोर, 02 जिंदा, 01 खोखा कारतूस व 01 मोटर साइकिल व 02 मोबाइल फोन सहित पुलिस मुठभेड में किया गया गिरफ्तार ।

- अभियुक्त पंकज के पैर में गोली लगने से हुआ घायल ।
- घायल अभियुक्त को उपचार हेतु भेजा गया जिला अस्पताल ।

अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा के निर्देशिन व पुलिस महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के पर्यवेक्षण व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के नेतृत्व में जनपद में छिनैती की घटना करने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा थाना उत्तर व रामगढ में छिनैती की घटना कारित करने वाले 01 अभियुक्त पंकज पुत्र रामजीलाल निवासी नगला मिर्जा थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद को चनोरा खत्ता घर थाना क्षेत्र रामगढ से पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्त से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 खोखा करातूस 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर व घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल व 02 फोन सहित गिरफ्तार किया गया है । अन्य 02 वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है । अभियुक्त उपरोक्त पंकज के विरूद्ध अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना का संक्षिप्त विवरण - दिनांक 10-04-2026 को वादिया द्वारा थाना उत्तर पर लिखित तहरीर दी कि 03 अज्ञात मोटरसाइकिल सवार युवकों ने पीछे से आकर मेरा फोन छीन लिया है । जिसके सम्बंध में थाना उत्तर पर मु0अ0सं0 189/2026 धाना 304(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था । दिनांक 11-04-2026 को थाना रामगढ पर वादी द्वारा तहरीर दी कि 03 अज्ञात मोटरसाइकिल युवकों ने पीछे से आकर मेरा फोन छीनकर भाग गये है । जिसके सम्बंध में थाना रामगढ़ पर मु0अ0सं0 229/2026 धारा 304 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था । उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे द्वारा 04 पुलिस टीमों का गठन किया गया था । सीसीटीवी / सर्विलांस इत्यादी द्वारा अभियुक्त की पहचान के प्रयास किये गये जिसमें 03 लोगों के नाम प्रकाश में आये । दिनांक 11-04-2026 को मुखविर खास द्वारा सूचना दी गयी कि उक्त छिनैती की घटना करने वाले अभियुक्तों में से एक अभियुक्त पंकज पुत्र रामजीलाल निवासी नगला मिर्जा थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद चनोरा खत्ता घर के पास है । सूचना पर प्रभारी थाना रामगढ मय पुलिस टीम के चनोरा खत्ता घर के पास पहुँचे तो अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम को अपनी ओर आते फायरिंग शुरू कर दी तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा भी आत्मरक्षार्थ जबाबी फायरिंग कर दी जिससे अभियुक्त के पैर में गोली लग गयी । घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है । अभियुक्त द्वारा दोनों छिनैती की घटना को कबूल किया गया है ।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त–

1.पंकज पुत्र रामजीलाल निवासी नगला मिर्जा थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद ।

अभियुक्त आपराधिक इतिहास-

01-मु0अ0सं0 17/23 धारा 392,411 भादवि थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

02-मु0अ0सं0 189/26 धारा 304(2) बीएनएस थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

03-मु0अ0सं0 229/2026 धारा 304 बीएनएस थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद ।

04-मु0अ0सं0 551/22 धारा 392 भादवि थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

05-मु0अ0सं0 568/22 धारा 41,102,411,414, भादवि थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरणः-

1. 01 तमंचा 315 बोर।
2. 01 खोखा कारतूस 315 बोर।
3. 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर।
4. 01 मोटर साइकिल ।
5. 02 मोबाइल फोन।

गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

01-प्रभारी निरीक्षक रामगढ श्री संजीव दुबे थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।

02-उ0नि0 सुरेन्द्र भाटी थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।

03-उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।

04-उ0नि0 अंकुर कुमार थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।

05-मु0आ0 योगेश थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।

06-का0 जितेन्द्र थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।

07-का0 देवेन्द्र थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।

08-का0 बेनू प्रसाद थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।

09-अनिल सर्विलांस टीम।